दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, बुधवार 27 मार्च 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-175

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पेंटागन ने अमेरिका-मेक्सिको सीमा दीवार के लिए 1 अरब डॉलर की मंजूरी दी

वाशिंगटन (आरएनएस)। पेंटागन ने संसद को बताया है कि उसने अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर नई दीवार के निर्माण के लिए एक अरब डॉलर के हस्तांतरण की मंजूरी दे दी है। डेमोक्रेटिक नेताओं ने हालांकि, इसका विरोध किया है। सीएनएन के मुताबिक, सोमवार को कैपिटल हिल को भेजी गई पेंटागन बजट रीप्रोग्रामिंग अधिसूचना के अनुसार, दक्षिणी सीमा पर 57 मील लंबी फेंसिंग, सड़कें सुधारने और अन्य कदम उठाने के लिए एक अरब डॉलर दिए जाएंगे।

### कांग्रेस ने घोषणापत्र को दिया अंतिम रूप

**लोकसभा चुनाव**

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र को अंतिम रूप दिया गया है, जिसे पार्टी जल्द ही जारी करेगी। कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार सोमवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र को तैयार करने पर मंथन हुआ और बताया गया है कांग्रेस अपना घोषणापत्र जल्द ही जारी करेगी, जिसे अंतिम रूप दे दिया गया है।

### वाड्रा को अंतरिम राहत देने से अदालत का इनकार

**मनी लॉड्रिंग केस**

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट वाड्रा को किसी प्रकार की अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। वाड्रा ने उनके खिलाफ धन शोधन के मामले को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति विनोद गोयल की खंडपीठ ने केंद्र व प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से वाड्रा व उनके करीबी सहयोगी मनोज अरोड़ा की धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने वाड्रा से एक हलफनामा दाखिल करने को भी कहा है, जिसमें उन्हें अपनी याचिका पर यथास्थिति बनाए रखने के बारे में बताना होगा।

### मां ने बच्चों को तीसरी मंजिल से धक्का देकर खुद भी लगाई छलांग

नई दिल्ली (आरएनएस)। अपने पति के साथ जोरदार बहस के बाद एक महिला के अपने दो बच्चों को तीसरी मंजिल से धक्का दे दिया और खुद भी कूद गई। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई।

### नियंत्रण रेखा पर भारत, पाकिस्तान के जवानों के बीच भारी गोलीबारी

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू एवं कश्मीर के राजौरी जिले में मंगलवार को नियंत्रण रेखा पर भारतीय व पाकिस्तानी सेनाओं के बीच भारी गोलीबारी हुई। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने सोमवार रात करीब 11.30 बजे केरी इलाके में संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, जिसके बाद भारतीय पक्ष ने भी गोलीबारी की और यह मंगलवार को भी जारी रही।

### अगस्ता वेस्टलैंड मामले में एक और बिचौलिये की हुई गिरफ्तारी

**ईडी को बड़ी कामयाबी**

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 3,600 करोड़ रुपए के वीवीआईपी हेलीकॉप्टर सौदे मामले में दिल्ली से एक रक्षा एजेंट को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि एजेंसी के अधिकारियों ने सुशेन मोहन गुप्ता को धन शोधन निरोधक कानून के तहत सोमवार देर रात को गिरफ्तार किया।

## भारत में तेजी से बढ़ रहा है साइबर क्राइम



नई दिल्ली (आरएनएस)। दुनिया के बाकी देशों की तरह भारत में भी हर आयु वर्ग के लोग मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हैं। सस्ते इंटरनेट पैक के आने से इसके इस्तेमाल में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। लेकिन इंटरनेट के जितने लाभ हैं उतने ही नुकसान भी हैं। साल 2018 में आई साइबर सिक्योरिटी से जुड़ी रिपोर्ट्स से कुछ यही पता चल रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत अब उन देशों की सूची में शामिल हो गया है जहां सबसे अधिक साइबर अपराध हो रहे हैं। सालभर में करीब 8 लाख से ज्यादा भारतीय बैंकिंग ट्रोजन से पीड़ित हुए हैं, वहीं एक सर्वे के अनुसार 37 फीसदी अभिभावकों ने ये बात स्वीकार की है कि उनका बच्चा सालभर में कम से कम एक बार साइबर बुलिंग का शिकार हुआ है।

### युवा महिलाएं और बच्चे आसान शिकार

युवा महिलाओं और बच्चों के लिए सोशल साइट्स मानसिक विकारों का कारण बन रही हैं। उन्हें अपनी उपेक्षा का डर रहता है। वह अधिक लाइक्स पाने के लिए अपनी फ्रेंड लिस्ट में किसी को भी शामिल कर लेते हैं। इसके अलावा उन्हें अपनी बेइज्जती का डर भी लगा रहता है। वह इस बात का खास ध्यान रखते हैं कि सोशल साइट पर वह अच्छे दिखें। वहीं सबसे खतरनाक फीचर है टैगिंग। कोई भी अंजान व्यक्ति महिलाओं और बच्चों को आपत्तिजनक तस्वीरों आदि में टैग कर देते हैं। सोशल साइट पर बच्चों की मौजूदगी के मामले में भारत ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे नंबर पर आता है।

### घटे हैं फाइनेंशियल फिशिंग के मामले

रिपोर्ट के मुताबिक फाइनेंशियल फिशिंग के मामले काफी घटे हैं। पहले ये आंकड़ा 53.85 फीसदी था जो अब कम होकर 44.7 फीसदी रह गया है। सिक्योरिटी कंपनी ईसीईटी ने मोबाइल एप स्टोर पर कई ऐसे एप की सूची भी दी है जो मोबाइल पर ऑटोमेटिक इंस्टॉल होकर गड़बड़ी फैला सकते हैं। इनसे बचने के लिए इन्हें अनइंस्टॉल करना ही बेहतर है।

### सबसे ज्यादा बच्चे हो रहे शिकार

आजकल टिकटॉक और स्नैपचैट जैसे एप पर बच्चे अधिक सक्रिय रहते हैं। वह ना केवल अपनी वीडियो शेयर करते हैं बल्कि अंजान लोगों से चैट भी करते हैं। अधिक लाइक्स के चक्कर में बच्चे अंजान लोगों को भी अपनी आईडी में शामिल कर देते हैं। रिपोर्ट से पता चलता है कि 2018 में भारतीय बच्चे सबसे ज्यादा साइबर बुलिंग का शिकार हुए हैं। 28 देशों में किए गए सर्वे में 37 फीसदी अभिभावकों ने माना है कि उनके बच्चे साइबर बुलिंग का शिकार हुए हैं। ये आंकड़ा 2016 में 22 फीसदी था।

### क्या होता है ट्रोजन?

अधिक संख्या में भारतीय लोग ट्रोजन का शिकार हो रहे हैं। ट्रोजन एक तरह का कंप्यूटर सॉफ्टवेयर होता है। जिससे कंप्यूटर का डाटा चोरी किया जाता है और मिटाया भी जाता है। ट्रोजन की सहायता से हैकर कंप्यूटर को हैक कर सकता है। बैंकिंग ट्रोजन की सहायता से यूजर के डिवाइस से उसकी बैंकिंग जानकारी भी हैक की जाती है।

## बस खाई में गिरी, 3 लोगों की मौत

छिंदवाड़ा (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में एक यात्री बस के अनियंत्रित होकर खाई में गिर जाने से तीन यात्रियों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए हैं। यह हादसा सोमवार की रात को हुआ। मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मंगलवार सुबह जिला अस्पताल जाकर घायलों का हाल जाना।

पुलिस नियंत्रण कक्ष से मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात को अमरवाड़ा थाना क्षेत्र में छिंदवाड़ा-नरसिंहपुर मार्ग पर दूल्हादेव घाटी में यात्री बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई, वहीं 50 से ज्यादा घायल हुए हैं।

बताया गया है कि, निजी बस से अमरवाड़ा क्षेत्र के पौनार गांव के लोग एक व्यक्ति के अस्थि विसर्जन के लिए नर्मदा नदी के बरमान घाट गए थे, वहां से लौटते समय यह हादसा हुआ।

## एसटीएफ ने दो संदिग्ध आतंकियों को किया गिरफ्तार

### पुलवामा हमले से कनेक्शन का शक



पटना (आरएनएस)। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) और पटना पुलिस की संयुक्त टीम ने पटना रेलवे स्टेशन के निकट दो बंगलादेशी आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से पुलवामा आतंकी हमले के बाद जम्मू कश्मीर में अर्द्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति से संबंधित दस्तावेज बरामद किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक गरिमा मलिक ने आज यहां बताया कि एटीएस को सूचना मिली थी कि दो बंगलादेशी युवक पटना रेलवे स्टेशन के निकट स्थित मदनी मुसाफिरखाना के आस-पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर एटीएस के वरीय अधिकारियों ने पटना पुलिस के साथ एक टीम का गठन किया। इसी टीम ने दोनों युवकों को कल मदनी मुसाफिरखाना के दक्षिण मोटरसाइकिल स्टैंड के पास से संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। श्रीमती मलिक ने बताया कि गिरफ्तार दोनों बंगलादेशी युवक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जमीयत-उल-मुजाहिदीन बंगलादेश और इस्लामिक स्टेट बंगलादेश के सक्रिय सदस्य हैं। गिरफ्तार आतंकवादियों की पहचान खैरुल मंडल और अबू सुल्तान के रूप में की गई है।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों आतंकवादियों ने बिना किसी पासपोर्ट, वीजा अथवा वैध दस्तावेज के अवैध रूप से बंगलादेश की सीमा पार कर भारत में प्रवेश किया है। दोनों आतंकवादी अपनी पहचान छुपाने के लिए फर्जी भारतीय मतदाता पहचान पत्र बनाकर उसका इस्तेमाल करते थे।

## कांग्रेस और एआईयूडीएफ में चुनाव को लेकर गुप्त समझौता :सरमा



गुवाहाटी (आरएनएस)। भाजपा ने आरोप लगाया है कि एआईयूडीएफ सिर्फ तीन लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रही है जिससे साबित होता है कि उसका कांग्रेस के साथ गुप्त समझौता है। असम सरकार में मंत्री हिमांता बिस्वा सरमा ने सोमवार को यह भी दावा किया कि दोनों पार्टियां 'अवैध बांग्लादेशियों को संरक्षण देती हैं।'' उन्होंने कहा कि असम में भाजपा के लिए सिर्फ नागरिकता (संशोधन) विधेयक एकमात्र चुनावी मुद्दा नहीं है, बल्कि बालाकोट हवाई हमला, बुनियादी ढांचे का विकास और कई अन्य मुद्दे हैं।

## यूक्रेन में खसरा से 14 की मौत, हजारों प्रभावित

कीव (आरएनएस)। यूक्रेन में पिछले तीन महीनों में खसरा के प्रकोप से 14 लोगों की मौत हो गयी तथा इससे 32,000 लोग प्रभावित हुए हैं। यूक्रेन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को इस बात की जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार देश में गत 28 दिसंबर 2018 से लेकर 12 मार्च 2019 तक 18,109 बच्चों समेत कुल 32,939 लोग खसरा से प्रभावित हुए है।

## तुर्की ने गोलन हाइट्स पर ट्रम्प के फैसले की निंदा की



अंकारा (आरएनएस)। तुर्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के गोलन हाइट्स पर इजरायल की संप्रभुता को मान्यता देने के फैसले की कड़ी निंदा की। ट्रम्प ने सोमवार औपचारिक रूप से गोलन हाइट्स पर इजरायल की संप्रभुता को मान्यता देने की घोषणा की।

तुर्की के विदेश मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी बयान में कहा गया, हम 1967 से इजरायल के कब्जे में रहे गोलन हाइट्स पर इजरायल की संप्रभुता को मान्यता देने के अमेरिकी प्रशासन के फैसले से दुखी हैं और इसकी कड़ी निंदा करते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय जो अंतरराष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन है विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 497 (1981) का जो यह दर्शाता है कि अमेरिकी प्रशासन पश्चिम एशिया में समाधान के हिस्से के बजाय समस्या का हिस्सा बना हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि श्री ट्रम्प का निर्णय तुर्की के लिए अशक्त और शून्य है। जारी बयान में कहा गया, अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ इजरायल के कृत्यों को सही ठहराने के निरर्थक प्रयासों से इस क्षेत्र को और अस्थिर करने के बजाय संयुक्त राष्ट्र चार्टर एवं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के मूल सिद्धांतों का पालन अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सभी सदस्यों की एक आवश्यक जिम्मेदारी है।

इससे पहले श्री ट्रम्प ने गुरुवार को गोलन हाइट्स को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव जिसमें इस क्षेत्र को सीरिया से संबंधित बताया गया, का अनुपालन करने वाली 50 सालों से अधिक की अमेरिकी नीति को पलटते हुए कहा अमेरिका के लिए गोलन हाइट्स पर पूरी तरह से इजरायल की संप्रभुता को मान्यता देने का समय है। ट्रम्प की टिप्पणी की कई देशों ने निंदा की जिसमें ईरान, सीरिया, तुर्की और रूस शामिल है। इजरायल ने 1967 में छह-दिवसीय युद्ध के दौरान सीरिया से गोलन हाइट्स पर कब्जा कर लिया गया था। इजरायल के 30 अक्टूबर 2018 को क्षेत्र में स्थानीय चुनाव कराने के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव लाया गया जिसमें इजरायल से इस क्षेत्र से अपनी सेना को तुरंत वापस लेने का आग्रह किया गया।

## कोर्ट ने राजीव सक्सेना को सरकारी गवाह बनने की अनुमति दी

**अगस्ता वेस्टलैंड केस**

नई दिल्ली (आरएनएस)। अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलिकॉप्टर सौदा मामले में आरोपी बनाए गए दुबई के कारोबारी राजीव सक्सेना अब सरकारी गवाह बन गए हैं। सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने उन्हें सरकारी गवाह बनने की अनुमति दे दी है।

राजीव सक्सेना ने 27 फरवरी को गवाह बनने के लिए पटियाला हाउस कोर्ट में अर्जी दी थी। उन्हें 25 फरवरी को कोर्ट ने जमानत दे दी थी। सक्सेना को 31 जनवरी को दुबई से प्रत्यर्पण कर लाया गया था और उन्हें 12 फरवरी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

राजीव सक्सेना 3600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी हैं। प्रवर्तन निदेशालय का आरोप है कि सक्सेना ने खैतान के साथ साठगांठ कर अगस्ता वेस्टलैंड के पक्ष में 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों के करार को प्रभावित किया.

बता दें कि राजीव सक्सेना और दीपक तलवार दोनों को दुबई के पुलिस अधिकारियों ने पकड़ा था।


## कच्चा स्टील का उत्पादन इस साल फरवरी में 4.3 प्रतिशत बढ़ा



नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में कच्चे इस्पात का उत्पादन इस साल फरवरी में पिछले वर्ष के इसी माह के मुकाबले 4.3 प्रतिशत बढ़कर 89.1 लाख टन रहा। इस्पात मंत्रालय के अधीन आने वाली 'ज्वाइंट प्लांट कमेटी' की रिपोर्ट के मुताबिक घरेलू कच्चा इस्पात उत्पादन फरवरी 2018 में 85.4 लाख टन था। रिपोर्ट के अनुसार कच्चा इस्पात उत्पादन फरवरी 2019 में 89.14 लाख टन रहा जो इससे पूर्व वर्ष के इसी महीने के मुकाबले 4.3 प्रतिशत अधिक है। हालांकि इस साल जनवरी के मुकाबले फरवरी में उत्पादन 2.9 प्रतिशत कम है। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय इस्पात प्राधिकरण, राष्ट्रीय इस्पात निगम लि. के साथ टाटा स्टील, एस्सार स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील तथा जिंदल स्टील एंड पावर लि. जैसी निजी क्षेत्र की कंपनियों का उत्पादन 54 लाख टन रहा। वहीं शेष 35 लाख उत्पादन अन्य उत्पादकों ने किया।

## सज्जन कुमार की जमानत याचिका पर न्यायालय 8 अप्रैल को करेगा विचार

**सिख विरोधी दंगा मामला**



नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगा मामले में उम्र कैद की सजा भुगत रहे कांग्रेस के पूर्व नेता सज्जन कुमार की जमानत अर्जी पर आठ अप्रैल को विचार किया जायेगा। इस बीच, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने एक बार फिर सोमवार को इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। इससे पहले, 25 फरवरी को भी न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने सज्जन कुमार की अपील की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। उस समय वह प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ के सदस्य थे। न्यायमूर्ति एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ के समक्ष सज्जन कुमार की अपील और जमानत अर्जी सोमवार को सूचीबद्ध थी।

इस पीठ के समक्ष सोमवार को सज्जन कुमार की जमानत अर्जी सोमवार को सुनवाई के लिये आयी। इस पर पीठ ने अपने आदेश में कहा कि जमानत के इस आवेदन को आठ अप्रैल को उस पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाये जिसमें न्यायमूर्ति खन्ना सदस्य नहीं हों। हालांकि, सीबीआई ने हाल ही में शीर्ष अदालत में दायर अपने जवाब में सज्जन कुमार की जमानत अर्जी का विरोध करते हुये इसे खारिज करने का अनुरोध किया है।

## घर में जबरन घुसे छात्रों के खिलाफ पुलिस में शिकायत नहीं करूंगा : एम जगदीश कुमार



नई दिल्ली (आरएनएस)। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कुलपति एम जगदीश कुमार ने कुछ छात्रों पर जबरन घर में घुसने और उनकी पत्नी को बंधक बनाने का आरोप लगाने के एक दिन बाद मंगलवार को कहा कि उन्होंने छात्रों को ''माफ'' कर दिया है और वह पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराएंगे। कुमार ने कहा, ''बीती रात जेएनयू में मेरे आवास के सामने छात्रों का हिंसक व्यवहार निंदनीय है लेकिन ना तो मैं और ना ही मेरी पत्नी छात्रों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराएंगे। हमने उन्हें माफ कर दिया है। मेरी शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे सुधरेंगे और भविष्य में ऐसी हरकतें नहीं दोहराएंगे।'' बहरहाल, जवाहरलाल नेहरू छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने कुमार के आरोपों को खारिज कर दिया है। उसने कहा, ''जेएनयूएसयू कुलपति एम जगदीश कुमार द्वारा फैलाए जा रहे झूठ को सिरे से खारिज करता है।

## सुधार से खुद को अलग नहीं रख सकता चुनाव आयोग

### सुप्रीम कोर्ट की दो टूक



नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग को निर्देश दिए कि आगामी लोकसभा चुनाव में वीवीपैट मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए. कोर्ट ने कहा कि यह मतदाताओं की संतुष्टि का प्रश्न है और इसे चुनाव प्रक्रिया पर सवाल के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए.

सीजेआई रंजन गोगोई और जस्टिस दीपक गुप्ता की बेंच ने कहा, कोई भी संस्था, चाहे वह न्यायपालिका ही क्यों न हो, खुद को सुधार से अलग नहीं रख सकती है. बेंच ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा है कि वह वीवीपैट मशीनों की संख्या बढ़ा सकता है या नहीं.

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में विपक्षी पार्टियों के 21 नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान हर विधानसभा क्षेत्र में वीवीपैट मशीनों से निकलने वाली कम से कम 50 प्रतिशत पर्चियों को चेक किया जाए.

इस याचिका पर सुनवाई करते हुए बेंच ने चुनाव आयोग से कहा कि वह शपथपत्र दायर कर कारण बताए कि वह चुनावों की पारदर्शिता को लेकर इतनी आश्वस्त क्यों है. बेंच ने कहा, चुनाव आयोग पूरी तरह आश्वस्त है कि चुनाव की पवित्रता को पूरी तरह सुनिश्चित किया जा सकता है. चुनाव आयोग को अपनी संतुष्टि की वजह शपथपत्र में बतानी होगी.

बेंच ने आगे कहा, चुनाव आयोग को यह भी बताना होगा कि क्या सैम्पल सर्वे को बड़े स्तर पर किया जा सकता है. शपथपत्र दायर करने के लिए कोर्ट ने चुनाव आयोग को 28 मार्च शाम चार बजे तक का वक्त दिया है. मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी.

चुनाव आयोग की तरफ से पेश हुए डिप्टी चुनाव आयुक्त सुदीप जैन से बेंच ने सवाल किया कि क्या पोल पैनल वीवीपैट मशीनों से निकलने वाली पर्चियों के वेरिफिकेशन की संख्या बढ़ा सकता है।